# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

## मुख्य समाचार

- इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का विवाद गहराया, राजद और भाकपा माले ने झामुमो को दिया अल्टीमेटम।
- कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति के सीट आवंटन को लेकर नई दिल्ली में होनेवाली बैठक टली, राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि सम्मानजनक सीटें नहीं मिली तो लेंगे बड़ा फैसला।
- आजसू ने जारी की आठ उम्मीदवारों की पहली सूची, जदयू ने भी दोनों सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की।
- झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में रांची के शत्रुंजय और महिला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की सानिया ने एकल खिताब पर जमाया कब्जा।

***************

राष्ट्रीय जनता दल–आरजेडी के बाद अब सीपीआई–मालेगुट ने आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन में सीट आवंटन को लेकर असंतोष व्यक्त किया है। दोनों पार्टियों ने झारखंड मुक्तिमोर्चा को आज ग्यारह बजे तक उनकी मांगे पूरी करने का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा वे निर्णय करने के लिए स्वतंत्र होंगी। आर.जे.डी. के वरिष्ठं नेता मनोज कुमार झा ने कहा कि 18 से 20 सीटें ऐसी है जहां उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को अकेले शिकस्तं दे सकती है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य को संज्ञान में लिया जाना चाहिए। इंडी गठबंधन में सीट बंटवारा फॉर्मूले के अनुसार झारखंड मुक्तिमोर्चा और कांग्रेस को 70 सीटें आवंटित की गई है जबकि 11 सीटें आर.जे.डी. और सी.पी.आई.–एम.एल. को दी गई हैं। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा है कि अगर पार्टी को इंडी गठबंधन में सम्मानजनक सीटें नहीं मिली तो बड़ा फैसला लेंगे। श्री झा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पार्टी अपने जनाधार को देखते हुए 20 से 22 सीटों पर दावेदारी मानती है।

***************

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का मामला अब तक नहीं सुलझ सका है। राजद की नाराजगी सामने आने के बाद कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की नई दिल्ली में होनेवाली बैठक टल गई और अब यह बैठक आज होने वाली है।

***************

इंडी गठबंधन में राजद की नाराजगी पर बीजेपी सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस–राजद–झामुमो का रिश्ता स्वार्थ और सत्ता के जरिए पैसा कमाने का है।

***************

भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी के सभी प्रत्याशियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर जीत की रणनीति पर चर्चा की। श्रीचौहान ने कहा कि रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा पार्टी का सिर्फ नारा नहीं बल्कि संकल्प है। उन्होंने रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर मुद्दों और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच ले जाने पर जोर दिया।

***************

झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने बोकारो के चंदनक्यारी में कहा कि यह चुनाव विधायक या मंत्री बनाने के लिए नहीं बल्कि झारखंड और देश को बचाने के लिए है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

***************

झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की सहयोगी पार्टी ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन–आजसू ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने आठ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो सिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, जबकि वरिष्ठ नेता लंबोदर महतो गोमिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। एनडीए के सीट बंटवारे के अनुसार, आजसू 10 सीटों पर, जनता दल यूनाईटेड 2 और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास एक सीट पर चुनाव लड़ेगी, जबकि भारतीय जनता पार्टी बाकी बची 68 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को और मतगणना 23 नवंबर को होंगे।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू ने अपने दो उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि जमशेदपुर पश्चिम से सरयू राय और तमाड़ से राजा पीटर को उम्मीदवार बनाया गया है।

***************

चतरा जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

***************

सरायकेला– खरसावां मुख्य सड़क पर दो मोटरसाइकिलों में हुई भीषण टक्कर में एक युवक की मौत हो गई,जबकि तीन युवक घायल हो गए हैं ।

***************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण झारखंड में 23 अक्टूबर से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में दो से तीन दिनों तक इसका असर देखने को मिल सकता हैं। आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है और कई स्थानों पर छिटपुट बारिश भी हो सकती है। कई जगहों पर गरज के साथ छींटे भी पड़ सकते हैं।

***************

गढवा में आयोजित झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में रांची के शत्रुंजय ने पुरुष और महिला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की सानिया बनर्जी ने एकल खिताब पर कब्जा जमा लिया है। पुरुष वर्ग के फाइनल में रांची के शत्रुंजय ने रांची के ही सोमनाथ चक्रवर्ती को 4–1 से तथा महिला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की सानिया बनर्जी ने गढ़वा की अंजलि को 4–0 से हराकर खिताब जीता।

***************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे पर विवाद की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है दिल्ली में कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक टली, नाराज राजद को मनाने की कोशिश।

दैनिक जागरण के शब्द हैं – 12 से कम सीटों पर राजद तैयार नहीं, दो तीन सीटें देना गला काटने जैसा।

हिन्दुस्तान ने आजसू के प्रत्याशियों की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने झामुमो में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की खबर को प्रमुखता दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया ने भी राजद की नाराजगी की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी किए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

***************